दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 04 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-211

## ओडिशा तट से टकराया चक्रवाती फोनी तूफान, तेज हवाओं के साथ बारिश

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओडिशा में फोनी तूफान ने दस्तक दे दी है। चक्रवात फोनी ओडिशा तट से टकरा गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, ओडिशा के पुरी समेत कई इलाकों में 200 किलोमीटर/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। निचली बस्तियों में पानी भर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह बंगाल से होता हुआ बांग्लादेश की तरफ बढ़ेगा ऐसे में पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाकों में भी चेतावनी जारी कर दी गई है। ओडिशा में एहतियात के तौर पर 15 जिलों से 11 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया है। यह 20 साल में ओडिशा से टकराने वाला सबसे खतरनाक तूफान है। एनडीआरएफ की 28, ओडिशा डिजास्टर मैनेजमेंट रैपिड ऐक्शन फोर्स की 20 यूनिट और फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट के 525 लोग रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की 302 रैपिड रेस्पॉन्स फोर्स टीम तैनात की गई हैं। इमरजेंसी नंबर जारी कर दिए गए हैं। ओडिशा- 06742534177, गृह मंत्रालय- 1938, सिक्युरिटी- 182।

### नौसेना के 3 जहाज राहत कार्य के लिए तैनात

तटरक्षक बल ने कहा है कि चक्रवाती तूफान फोनी को देखते हुए 34 राहत दलों और चार तटरक्षक पोतों को राहत कार्य के लिए तैनात किया गया है। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन डीके शर्मा ने दिल्ली में कहा कि नौसेना के पोत सहयाद्री, रणवीर और कदमत को राहत सामग्री और चिकित्सा दलों के साथ तैनात किया गया है। ये चक्रवात के तटीय इलाके से गुजरने के फौरन बाद राहत कार्य शुरू कर देंगे।




### तटीय जिलों में यातायात बंद

तटीय जिलों में रेल, सड़क और हवाई यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। गुरुवार मध्यरात्रि से बीजू पटनायक इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें 24 घंटे के लिए रोक दी गई हैं। कोलकाता एयरपोर्ट भी शुक्रवार रात से शनिवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगा।

### चक्रवात से ओडिशा के 14 जिले प्रभावित होंगे

तूफान दोपहर के आसपास पुरी पहुंचेगा। इसके बाद पश्चिम बंगाल का रुख करेगा। इसका असर आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु के उत्तर-पूर्व इलाकों में भी दिखेगा। चक्रवात से ओडिशा के 14 जिले प्रभावित होंगे। इसमें पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रपारा, बालासोर, भदरक, गंजम, खुर्दा, जाजपुर, नयागढ़, कटक, गाजापटी, मयूरभंज, ढेंकानाल और कियोंझार शामिल हैं। इन जिलों के करीब 10 हजार गांव चक्रवात से प्रभावित होंगे।

### बंगाल से भी निकाले जा रहे सैलानी

यह तूफान पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ेगा, ऐसे में यहां दिघा, मदारमणि, शंकरपुर, ताजपुर और अन्य पर्यटन स्थलों से सैलानियों को बाहर निकाला जा रहा है।

### कोलकाला एयरपोर्ट भी रहेगा बंद

तूफान को देखते हुए बड़े पैमाने पर हुए ऑपरेशन में गुरुवार शाम 7 बजे तक लगभग 8 लाख लोगों को निचले इलाकों से निकाला गया। तटीय जिलों में रेल, सड़क और हवाई यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। गुरुवार मध्यरात्रि से बीजू पटनायक इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें 24 घंटे के लिए रोक दी गई हैं। कोलकाता एयरपोर्ट भी शुक्रवार रात से शनिवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगा।

## मसूद अजहर पर बैन भारत की कूटनीतिक जीत:जेटली



नई दिल्ली (आरएनएस)। मसूद अज़हर को यूएन द्वारा ग्लोबल आतंकी घोषित करने के बाद रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त मंत्री अरुण जेटली ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की. रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार के अथक प्रयासों के बाद आखिरकार मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में मान्यता मिली है। इसमें समय लगा है और हम जानते हैं कि ऐसा क्यों हुआ है।

वहीं वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को डर है कि अगर वे इस कूटनीतिक जीत का जश्न मनाने में शामिल नहीं होते हैं, तो वे राजनीतिक रूप से हार जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी वजह से वह कहते हैं कि हमने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, वे अदृश्य सर्जिकल स्ट्राइक थे। जब हम बालाकोट में एयर स्ट्राइक करते हैं तो वह उस पर संदेह करते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कल जो संयुक्त राष्ट्र संघ में हुआ वो भारत और भारतीय कूटनीति की बड़ी विजय है। कई दशकों से भारत मसूद अजहर के निशाने पर था, कई आतंकी वारदातों में उसका और उसके संगठन का हाथ होता था.

दुनिया के कई देश काफी समय से प्रयास कर रहे थे कि मसूद अजहर को अंतराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया जाए, लेकिन चीन इसका विरोध करता था. पर अंतराष्ट्रीय दबाव और भारतीय कूटनीति के प्रभाव की वजह से वो रुकावट भी हट गई.

जेटली ने कहा कि जब देश जीतता है तो हर भारतवासी जीतता है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि विपक्ष के मित्रों को लगता है कि इस जीत में वो अगर शामिल हो गए तो इसकी राजनीतिक कीमत उन्हें देनी पड़ेगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि जिस प्रयास में देश 10 वर्षों से था उसमें हम सफल हुए तो वे प्रतिक्रिया देते हैं कि ये तो तुच्छ है, इसमें बड़ा क्या है. पहले देश की परम्परा थी कि विदेश नीति और सुरक्षा नीति में देश एक आवाज में बोलता था, उस परम्परा को तोड़ने का पिछले कुछ समय से प्रयास हुआ है, ये दुर्भाग्यपूर्ण है.

जेटली ने कहा कि पहले मैंने इससे पहले के चुनावों में कांग्रेस को मंदिर में जाते नहीं देखा पर अब 2019 में वह भी चुनावी हिंदू बन गए हैं। कांग्रेस संस्थाओं को बर्बाद करती है और उन्हें धमकाने का प्रयास करती है।

## प्रियंका 5 को दिल्ली में करेगी रोड शो



नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी राष्ट्रीय राजधानी में पांच मई को पार्टी उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के लिए रोड शो करेंगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बताया कि प्रियंका उत्तर-पूर्व दिल्ली में पांच मई को शीला दीक्षित के लिए रोड शो करेंगी। शीला का मुकाबला सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के दिलीप पांडे और मौजूदा भाजपा सांसद मनोज तिवारी से है।

कांग्रेस महासचिव बनने के बाद प्रियंका का दिल्ली में यह पहला रोड शो होगा। उन्हें 23 जनवरी को पार्टी की महासचिव और पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाई गई थी।

एक कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली रामलीला मैदान में 8 मई को होगी। इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस प्रियंका गांधी की रैलियां 9 और 10 मई को आयोजित करने पर भी विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रियंका के सक्रिय राजनीति में उतरने से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल बना है।

## पीएम मोदी और शाह के खिलाफ शिकायतों पर 6 मई तक फैसला ले आयोग, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने आज चुनाव आयोग को दो टूक कहा कि 6 मई से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ मिली शिकायतों को निपटाए। ये कुल 9 शिकायतें हैं जिनमें मोदी व अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की बात कही है। दरअसल सोमवार को ही ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर कहा था कि चुनाव आयोग पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोपों को नहीं सुन रहा है। सुष्मिता देव ने कहा कि चुनाव आयोग की चुप्पी अप्रत्यक्ष रूप से चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन का समर्थन करती है। देव के मुताबिक बीजेपी के दो सीनियर नेताओं के घृणा फैलाने वाले बयानों राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सेना के शौर्य का इस्तेमाल के खिलाफ की गई शिकायत पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं कर सका है।

## एयर इंडिया ने स्टाफ को फ्लैट खाली करने दिये आदेश

नईदिल्ली मई (आरएनएस)। ऐसा लग रहा है कि एयर इंडिया विनिवेश की तैयारी में है. दरअसल एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों को दिल्ली के सरकारी फ्लैट्स खाली करने के आदेश दिए हैं. ये फ्लैट्स दक्षिण दिल्ली के पॉश कॉलोनी वसंत विहार में है. कंपनी ने कहा है कि वो रहने के लिए दूसरे फ्लैट तलाश लें.



वसंत विहार स्थित एयर इंडिया की कॉलोनी में कुल मिलाकर 810 फ्लैट्स है. इसमें से इस 676 फ्लैट्स में स्टाफ रह रहे हैं. कहा जा रहा है कि पैसों की तंगी से जूझ रही एयर इंडिया इस कॉलोनी को बेचने की तैयारी कर रही है.

कंपनी ने स्टाफ से कहा कि वो किराये पर रहें इसके लिए उन्हें हाउस रेंट दिया जाएगा. स्टाफ को पद और सैलरी के हिसाब से पैसे मिलेंगे. इसके अलावा घर शिफ्ट करने के लिए ट्रांसपोर्ट का भी खर्चा दिया जाएगा.

बता दें कि फिलहाल एयर इंडिया पर करीब 55 हज़ार करोड़ का लोन है. कर्च और खर्चे कम करने के लिए कंपनी लगातार कदम उठा रही है. सरकार को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एयर इंडिया की प्रॉपर्टी बेच कर 9 हज़ार करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं. ऐसे जब भी एयर इंडिया का विनिवेश किया जाएगा सरकार को इसकी अच्छी कीमत मिल सकती है.

आपको बता दें कि बता दें कि जून 2017 को सरकार ने एयर इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बेचने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी थी. केंद्र सरकार ने कहा था कि एअर इंडिया के विनिवेश के लिए बोली लगाई जाएगी. इसके लिए सरकार ने बाकायदा अर्नेस्ट एंड यंग को ट्रांजैक्शन एडवायजर के तौर पर नियुक्त किया था.

सरकार ने कर्ज के बोझ से दबी एअर इंडिया की 76 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की रणनीति बनाई थी. सरकार को एयर इंडिया की हिस्सेदारी बिक्री के लिए कोई बोली नहीं मिली थी, इसीलिए सरकार ने प्लान छोड़ दिया था. लेकिन अब सरकार अपना विनिवेश लक्ष्य पूरा करना चाहती है, इसीलिए इस पर काम तेज हो गया है।

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष कुमार को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नईदिल्ली (आरएनएस)। इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए एस किरण कुमार को भारत-फ्रांस के अंतरिक्ष सहयोग में योगदान के लिए फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान शेवेलियर डी लॉर्डे नेशनल डी ला लिगियन डी ऑनर से नवाजा गया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, फ्रांस के राष्ट्रपति की ओर से भारत में फ्रांस के राजदूत एलेक्जेंडर जीगलर ने कुमार को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। बयान में बताया गया है कि सम्मान कार्यक्रम में फ्रांस की स्पेस एजेंसी सीएनईएस के अध्यक्ष जीन येव्स ले गाल भी मौजूद थे। बयान के मुताबिक फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत-फ्रांस अंतरिक्ष सहयोग के विकास में ए एस किरण कुमार के अमूल्य योगदान को मान्यता देता है।

## केंद्रीय बलों पर गोलीबारी, 1 एएसआई की मौत, 2 जवान घायल

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के बगनान में केंद्रीय सुरक्षा बल के एक बेस पर गोलीबारी की खबर है। इस गोलीबारी में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए.



गोलीबारी की यह घटना ज्योतिर्मय गर्ल्स स्कूल में बने केंद्रीय बलों के कैंप में हुई, जहां लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए भेजे गए पैरामिलिट्री जवान ठहरे हुए थे. पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीकांत बर्मन ने दो इंसास राइफल से करीब 13 राउंड फायर किए गए. इस गोलीबारी में असम राइफल्स के एएसआई भोलानाथ दास की मौत हो गई, जबकि दो जवान रतुमोनी और अनिल राजबंशी जख्मी हुए हैं. पुलिस ने बर्मन को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस पूरे इलाके को घेरकर मामले की जांच कर रही है. बताया जा रहा है जवानों का यह कैंप चुनाव के मद्देनज़र लगा हुआ था.

**हावड़ा में छह मई को है लोकसभा चुनावों की वोटिंग-** हावड़ा जिला पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से बिल्कुल सटा हुआ है. हुगली नदी के तट पर स्थित यह शहर काफी घनी आबादी वाला इलाका है. यहां लोकसभा चुनाव के छठे चरण में छह मई को वोटिंग होनी है. यहां मुख्य मुकाबला टीएमसी के प्रसून बनर्जी और बीजेपी के रतिदेव सेनगुप्ता के बीच है.

## आम्रपाली ग्रुप से 9 हजार 590 करोड़ वसूलने की तैयारी में सुको

नईदिल्ली (आरएनएस)। निवेशकों से धोखाधड़ी करने के मामले में आम्रपाली ग्रुप पर सुप्रीम कोर्ट सख्त रुख अख्तियार कर लिया है. आम्रपाली ग्रुप से जल्द ही 9 हजार 590 करोड़ रुपए वसूले भी जा सकते हैं. आम्रपाली ग्रुप की ऑडिट करने वाली फॉरेंसिक लेखा परीक्षकों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी है.

बता दें कि कुछ महीने पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने पवन अग्रवाल और रवि भाटिया को फॉरेंसिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया था. दोनों ने



गुरुवार को जस्टिस यू.यू. ललित और अरुण मिश्रा की पीठ के सामने ऑडिट रिपोर्ट पेश कर दी. रिपोर्ट में बताया गया है कि 455 करोड़ रुपए फर्म के निदेशकों और उनके परिवार के सदस्यों और 321 करोड़ 31 लाख रुपए फर्म द्वारा बेचे गए 5 हजार 856 फ्लैट की वर्तमान बाजार कीमत के हिसाब से वसूले जा सकते हैं. इसके साथ ही 3 हजार 487 करोड़ आम्रपाली समूह के 14 प्रोजेक्ट में फ्लैट का कब्जा लेने वालों से वसूले जा सकते हैं.

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली समूह से पूछ कि कंपनी फंड से समूह के निदेशकों के 152 करोड़ रुपए का आयकर भुगतान कैसे कर दिया गया? आम्रपाली ग्रुप के 11 अलग-अलग प्रोजेक्ट में 5 हजार 229 फ्लैट्स अभी बिना बिके पड़े हैं. इन्हें बेचने पर लगभग 2 हजार करोड़ रुपए मिल सकते हैं.

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

शोपियां (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ से बड़ी खबर आ रही है. ख़बर है कि शोपियां के अदखारा इमामसाहिब में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 से 3 आतंकियों को घेर लिया. सूत्रों से पता चला है कि इस मुठभेड़ में आतंकी लतीफ टाइगर सहित एक अन्य आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है. लतीफ जुलाई 2016 में मारे गए आतंकी बुरहान वानी के ग्रुप का आखिरी आतंकी था. सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है. दोनों तरफ से फायरिंग की खबर आ रही है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वीवीपैट मिलानः अगले हफ्ते सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 21 विपक्षी पार्टियों की उस समीक्षा याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई जिसमें वोटर-वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों का प्रयोग कर 50 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सत्यापित करने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई अगले हफ्ते होगी। इस महीने की शुरुआत में सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को हर निर्वाचन क्षेत्र में पांच वीवीपैट को सत्यापित करने का निर्देश दिया था। जबकि विपक्ष ने हर निर्वाचन क्षेत्र में 50 प्रतिशत वीवीपैट को सत्यापित कराने की मांग की थी।

### घर में लगी भीषण आग, महिला समेत 4 बच्चें जले जिंदा

ओटावा। कनाडा के ओन्टेरियो में एक घर में आग लगने से एक महिला और चार बच्चों की मौत हो गई। एक स्थानीय मीडिया के अनुसार कनाडा के ओंटारियो प्रांत के थंडर बे से 600 किमी दूर उत्तर में स्थित किचनहुमायकोसिब इन्निवुग फर्स्ट नेशन समुदाय के एक घर में गुरुवार को आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गयी। आग लगने का कारणों नहीं पता चल सका है। बिग ट्राउट झील के नाम वाले जोखिम और समर्थक कार्यकर्ताओं के एक दल को समुदाय के पास भेजा गया है।

### माली के गांव पर हमले में 157 लोगों मारे गये

संयुक्त राष्ट्र। माली के एक गांव में विद्रोहियों समूहों के हमले में फुलानी समुदाय के कम से कम 157 लोग मारे गये। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को कहा कि ओगोसागौ गांव के पील भाग पर सुनियोजित हमले के दौरान हमलावरों ने फुलानी समुदाय के कम से कम 157 सदस्यों को मार डाला। दुजेरिक ने कहा कि माली में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन ने 23 मार्च को मोपती क्षेत्र में ओगोसागौ क्षेत्र में गंभीर मानव अधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए एक विशेष तथ्य-खोज मिशन ने प्रारंभिक रिपोर्ट दी है। माली के विशेष प्रतिनिधि महातम सालेह अनादिफ ने कहा कि नागरिक आबादी विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ किए गए भयावह कृत्यों की क्रूरता से उन्हें गहरा धक्का लगा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अत्याचारों के अपराधियों को अदालत दंडित किया जाना चाहिए।

### चक्रवाती तूफान फानी से नेपाल का मौसम हो सकता है प्रभावित

काठमांडू। भारत के ओडिशा राज्य से शुक्रवार को टकराने वाले भीषण चक्रवाती तूफान फानी से नेपाल के कुछ क्षेत्रों का मौसम प्रभावित होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसकी जानकारी दी। नेपाल मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हिमालयी देश के पूर्वी व मध्य क्षेत्र में शुक्रवार और शनिवार को हल्की बारिश हो सकती है, हालांकि यहां चक्रवात की कोई संभावना नहीं है। नेपाल के खुंब सहित हिमालय के उच्च क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। द हिमालयन टाईम्स के अनुसार, देश के मौसम पूर्वानुमान विभाग ने बताया कि चक्रवात की वजह से पूर्वी नेपाल के कुछ क्षेत्रों में भी नमी में बढ़ोतरी हो सकती है।

### रियो ग्रांडे नदी में नौका पलटने से बच्चे की मौत, तीन लोग लापता

वाशिंगटन। अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे एक परिवार की रबड़ की एक नौका रियो ग्रांडे नदी के तेज बहाव में पलट गई जिससे एक बच्चे की मौत हो गई। अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने एक बयान में बृहस्पतिवार को बताया कि अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर नौका पलटने के बाद से तीन अन्य लोग लापता हैं जिनमें से दो बच्चे हैं। नौका में नौ लोग सवार थे। वे शरणार्थी थे जिनमें से ज्यादातर हिंसा से प्रभावित मध्य अमेरिकी देशों के हैं जो अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।